हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 सिटी बस संचालन को लेकर आपरेटरों में...



14 डॉ रोशन ने बताया जगन्नाथ रथयात्रा का ...



## खबर संक्षेप

### रसोइया एवं सहायिकाओं की बैठक 28 को

**धमतरी।** मध्यान्ह भोजन योजना में काम करने वाले रसोइया एवं सहायिकाओं की बैठक 28 जून शनिवार को दोपहर 12 बजे सीटू कार्यालय में आयोजित की गई है। समीर कुरैशी अध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के तहत धमतरी जिले में 415 स्कूल को बंद किया जा रहा है। 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने, कलेक्टर दर लागू करने, श्रम संहिता के खिलाफ समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल करने के विषय पर चर्चा की जाएगी। रसोइया एवं सहायिकाओं से ललिता साहू महासचिव, अनुसुइया कंडरा कोषाध्यक्ष ने उपस्थिति की अपील की है।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सारंगपुरी निवासी गोरेलाल ध्रुव पिता माखनलाल उम्र 38 वर्ष रोजी मजदूरी करता था। युवक ने रात्रि में ग्राम अमेठी के पास सड़क किनारे स्थित बबूल पेड़ में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बुधवार की सुबह वहां से गुजर रहे ट्रेक्टरवालों की नजर फंदे पर लटक रहे युवक पर पड़ी। तब आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि बीते दो तीन साल से युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसका उपचार चल रहा था।

### जिले में पौधारोपण अभियान 27 को

**धमतरी।** जिले में 27 जून को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही जुलाई महीने में भी हर शनिवार को ग्राम पंचायतों और प्राथमिक सहकारी साख समितियों के परिसरों में पौधरोपण का काम चलता रहेगा। इस अभियान के लिए अपेक्षित संख्या में पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर ने वनमण्डलाधिकारी को दिए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम सहकारिता से बेहतर दुनिया का निर्माण निर्धारित किया गया है। इसे एक पेड़ मां के नाम अभियान से जोड़ते हुए जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में वृहद पौधरोपण किया जाएगा। 27 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य 34 ग्राम पंचायतों में भी पौधारोपण किया जाएगा।

### शिविर में 9 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बना



**नगरी।** ग्राम पंचायत फरसियां, जनपद पंचायत नगरी में कलेक्टर के निर्देशानुसार धरती आबा के अंतर्गत ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर का आयोजन कमारपारा स्कूल में किया गया। शिविर में जनमन आवास के 1 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास के 4 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 11 आधार कार्ड एवं 9 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में केंद्र सरकार के ट्राई फेड के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। शिविर को जनपद सदस्य शशि ध्रुव व सरपंच ने संबोधित किया। शिविर में ग्राम विकास विस्तार अधिकारी आरएस नेताम, करारोपण अधिकारी आनन्द साहू, सचिव भरोस कुमार, कैलाश कुमार, रूपेन्द्र कुमार, दुर्गेश्वरी, उद्यान अधीक्षक चंद्रप्रकाश साहू, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ध्रुव समेत विभागीय अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री जिलास्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में हुए शामिल

# शिक्षा शेरनी के दूध के समान, जो पीता है, वही दहाड़ता है : टंकराम





- छात्रों को अच्छे साहित्य और महापुरूषों की जीवनी पढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेगा और जो नहीं पीता वह जानवरों जैसे मिमियाता है। अच्छी शिक्षा से जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती है। छात्रों को अच्छी शिक्षा के लिए अच्छी संगति करनी चाहिए। यह बातें प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कही।

बुधवार को पीएमश्री स्कूल बठेना में जिलास्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सभी समस्याओं का हल है। छात्र ही आगे बढ़कर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, महापौर, प्रधानमंत्री आदि बनेंगे। छात्रों को आगे बढ़ने के लिए हमेशा ही प्रयासरत रहना चाहिए। सपने देखें और उसे पूरा करने में अपनी पूरी ताकत झोंक दें। एक कुंभकार की कहानी का उदारण देते हुए उन्होंने कहा कि विचार आदमी का जीवन बदल सकता है। अच्छे विचार यूं ही नहीं आते। अच्छे विचार के लिए अच्छी संगति का होना जरूरी है। राजपुत्र दुर्योधन ने कुटिल बुद्धि मामा शकुनि से संगति की और पूरा पांडवों का नाश करवा डाला। माता कैकयी ने दुष्ट बुद्धि, मंथरा की संगति की और अपने साथ अपने परिवार और पूरे राज्य की खुशियों पर आग लगा दी। अच्छे साहित्य और महापुरूषों की जीवनी पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने छात्रों से कहा कि इन किताबों को पढ़ने से जीवन बदल जाएगा। अंत में उन्होंने लक्ष्मण मस्तुरिया का एक छत्तीसगढ़ी गीत भी गाकर सुनाया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन, पार्षद नम्रता माला पवार, नीरज नाहर, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद सभापति अग्रवाल साहू आदि शामिल थे।

### मोबाइल से रहें दूर

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सरकार छात्रों को अच्छी सुविधा दे रही है। अच्छी शिक्षा छात्रों को खुद ग्रहण करनी होगी। मोबाइल से दूर रहकर शिक्षकों द्वारा दी जाने वाली शिक्षा को ग्रहण करके ही अच्छे छात्र का धर्म निभाया जा सकता है। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने छात्रों को स्कूली जीवन में प्रवेश करने की शुभकामनाएं दीं। पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद ने शिक्षकविहीन स्कूलों पर चिंता व्यक्त करते हुए स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था बहाल करने पर जोर दिया।

### अच्छी शिक्षा के लिए प्रयास जारी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि इस साल रिजल्ट संतोषप्रद है। अच्छी शिक्षा के लिए शिक्षा विभाग लगातार कोशिश कर रहा है। हर साल से मासिक परीक्षा की व्यवस्था की गई है। अच्छा परफार्मेंस वाले छात्रों और कमजोर छात्रों के लिए अलग-अलग व्यवस्था कर उन्हें बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि सर्वे में इस साल जिला पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर आया है। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य छात्रों के मन से स्कूल का डर भगाना है। पहली बार स्कूल आगे पर ही उसे फ्रेंडली माहौल देना है।

# कांग्रेस को कभी माफी नहीं मिल सकती : अजय

## कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार ने लोकतंत्र को तार-तार किया : टंकराम

- भाजपा ने आपातकाल के 50 साल पर किया जिला स्तरीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी







आपातकाल की 50 वीं बरसी पर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय सेमिनार में मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि 25 जून 1975 को भारत में पहली बार देश का संविधान निलंबित हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी छीन जाने के डर से और सत्ता के घमंड में वो निर्णय लिया जिसके लिए कांग्रेस हजार बार माफी मांगे तो भी वो क्षम्य नहीं है। 1971 के चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिला। श्रीमती इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी। रायबरेली से श्रीमती गांधी के निर्वाचन को उनके प्रतिद्वंदी राजनारायण न्यायालय में चुनौती देते हैं। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 12 जून 1975 को श्रीमती इंदिरा गांधी को चुनाव के दौरान शासकीय तंत्र के दुरुपयोग तथा कदाचरण का दोषी करार देते हुए उनकी संसद सदस्यता को अवैध घोषित करने का निर्णय दिया जाता है। फैसले के खिलाफ श्रीमती गांधी उच्चतम न्यायालय जाती है वहां भी उन्हें कोई राहत नहीं मिलती है। बौखलाहट में आकर श्रीमती गांधी 25 जून की रात 12 बजे आंतरिक सुरक्षा का बहाना बनाते हुए रेडियो पर आपातकाल की घोषणा कर देती हैं। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर भी बाद में होते हैं। देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए जाते हैं। श्रीमती गांधी के पुत्र संजय गांधी के हाथ में अघोषित रूप से सत्ता आ जाती है। ऑपरेशन ब्लूस्टार और आपातकाल कांग्रेस की दो ऐसी गलतियां है जिसकी कभी माफी नहीं हो सकती। प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने आपातकाल को कांग्रेस का असली चेहरा बताते हुए कहा कि राहुल गांधी जो लाल रंग की किताब जेब में रखकर संविधान बचाओ का नारा लगाते फिरते हैं उन्हें आपातकाल का इतिहास ठीक से पढ़ने की आवश्यकता है। प्रदेश महामंत्री एवं महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अपने निजी स्वार्थ के लिए अनुच्छेद 352 और 356 का प्रयोग देश में किया है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए कहा कि देश में लाखों परिवार कांग्रेस की इस सत्ता लोलुपता और अहंकार के कारण बर्बाद हो गए। जेल में बंद लोगों को परिजनों की गंभीर बीमारी और मृत्यु तक में पेरोल नहीं दिया गया। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने मीसाबंदियों के बलिदान को प्रणाम करते हुए उन्हें महान लोकतंत्र सेनानी कहा। मीसाबंदियों में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री कृपाराम साहू, शिरोमणि घोरपड़े एवं लखनलाल पथिक का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। मीसाबंदियों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया।

⏩ शेष पेज 13 पर

# पुलिस ने 121 निगरानी बदमाशों की कराई परेड



- चेतावनी के साथ अपराध से दूर रहने की दिलाई शपथ

फोटो

धमतरी। जिले में क्राइम को कंट्रोल करने पुलिस ने 121 निगरानी बदमाशों की परेड लेकर अपराध से दूर रहने की शपथ दिलाई, वहीं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नहीं रहने की सख्त चेतावनी दी।

जिले में सक्रिय असामाजिक तत्वों, आदतन अपराधियों, गिरोह, गुंडा व निगरानी बदमाशों पर नियंत्रण के लिए एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष परिसर में जिले के कुल 184 गुंडा, निगरानी बदमाशों में से 121 बदमाशों की पहचान कर उनकी परेड कराई। अपराध से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। परेड के दौरान मौजूद सभी बदमाशों से उनके वर्तमान निवास, आजीविका के साधन, सामाजिक आचरण के संबंध में जानकारी ली गई। बदमाशों को किसी भी आपराधिक गतिविधि, गिरोह अथवा असामाजिक कार्यों में संलिप्त नहीं रहने की चेतावनी दी गई। सभी को समाज की मुख्यधारा में जुड़कर अच्छे आचरण का परिचय देने और अपने परिवार के साथ समाज में शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत करने कहा गया। इसके साथ ही ऐसे निगरानी बदमाश जिनकी आपराधिक प्रवृत्ति समाप्त हो चुकी है, वृद्ध हो चुके हैं तथा जिनका चरित्र स्थानीय जनता द्वारा अच्छा बताया गया है, ऐसे गुंडा एवं निगरानी बदमाश को माफी बदमाश की श्रेणी में लाने के लिए वरिष्ठ कार्यालय में प्रतिवेदन भेजने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया।

इस परेड कार्यक्रम में एएसपी मणिशंकर चंद्रा, कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, डीएसपी मोनिका मरावी, शैलेंद्र पांडे व सिटी कोतवाली, रूद्री, अर्जुनी, भखारा, सिहावा, कुरूद, मगरलोड, दुगली, नगरी, थाना प्रभारी व चौकी करेली बड़ी, चौकी बिरेझर प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

### निगरानी तंत्र को सशक्त करने दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी तंत्र को सशक्त करने, आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और उनके खिलाफ गुंडा, एक्ट, निगरानी फाईल जैसी सख्त विधिक कार्रवाई करने निर्देशित किया।

# फिल्म देखकर घर लौट रहे युवक पर रॉड से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




रात्रि में सिनेमा हाल से फिल्म देख पैदल घर लौट रहे युवक पर दो भाइयों ने रॉड से हमलाकर घायल कर दिया।

पुलिस के अनुसार स्थानीय रिसाईपारा निवासी शाहिद खान पिता साकिर खान उम्र 28 वर्ष मंगलवार की रात्रि फिल्म देखने विमल टाकिज गया था। पिक्चर देखने के बाद युवक रात्रि 12.30 बजे सिनेमा हाल से निकलकर युवक अपने घर रिसाईपारा जा रहा था। युवक लखन ट्रेडर्स गली में पहुंचा था, तभी हिमांचल गौतम उर्फ चिंटू व अपने भाई दक्ष गौतम के साथ पहुंचा और युवक को तुम्हारा भाई राजा दादा है क्या, कहते हुए अश्लील गालियां देते हुए मारपीट शुरु कर दी।

इसी दौरान हिमांचल उर्फ चिंटू ने अपने हाथ में रखे लोहे की रॉड से युवक की दाहिना आंख के पास व दाहिने पैर में हमला कर दिया। रॉड के वार से आंख के पास व घुटने में चोट लगी है। युवक किसी तरह से जान बचाकर अपने घर पहुंचा और चचेरे भाई साहिल शेख व कृपाल को घटना की जानकारी दी। उसके बाद थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने युवक का चिकित्सीय परीक्षण कराया। तत्पश्चात घायल युवक की शिकायत पर आरोपी हिमांचल गौमत उर्फ चिंटू व दक्ष गौतम के खिलाफ धारा 115/2, 293, 3/5, 351/3 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।





# एकलव्य खेल मैदान से गांधी चौक तक निकली तिरंगा रैली

- आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ : महापौर रामू रोहरा ने दिखाई तिरंगा यात्रा को हरी झण्डी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन हायर सेकेंडरी स्कूल के एकलव्य खेल मैदान से तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने इस तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली एकलव्य खेल परिसर से निकलकर सदर रोड होते हुए गांधी मैदान पर संपन्न हुई। रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि तिरंगा यात्रा निकाली गई। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 एक ऐसा काला दिवस है, जिसे भारत के संविधान में काला धब्बा कहा जाता है। इसे लोकतंत्र की हत्या के दिवस के रूप में जाना जाता है। उन्होंने लोकतंत्र के प्रहरियों पर किए गए अत्याचार और प्रताड़नाओं को भी बताया। महापौर ने लोगों से लोकतंत्र में विश्वास रखने के साथ सबका साथ-सबका विकास और सबके विश्वास के मार्ग पर चलने की अपील की।

## हाईटेक नये बस स्टैंड के लिए शासन ने 17.70 करोड़ की स्वीकृति दी

# नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने निगम प्रतिबद्ध : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि निगम प्रशासन नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने प्रतिबद्ध है। ट्रिपल इंजन की सरकार की बदौलत धमतरी विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं होगी। दिल्ली, रायपुर से पैसा सीधे धमतरी आएगा और भरपूर विकास होगा।

महापौर ने बताया कि पहले निगम के प्रस्ताव पर विष्णुदेव सरकार ने नया बस स्टैंड के निर्माण के लिए हरी झंडी दी थी। इसे पूरा करते हुए सरकार ने गुरूवार को 17.70 करोड़ की स्वीकृति दी है। 25 जून को नगरीय प्रशासन विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर से अवर सचिव आनंद कुमार पटेल द्वारा हस्ताक्षरित लेटर के अनुसार मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनांतर्गत धमतरी में नवीन हाईटेक बस स्टैंड निर्माण के लिए 17.70 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। कहा गया है कि निर्माण कार्य सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित डीपीआर, नक्शे, ले-आउट के अनुसार किया जाए।

नया बस स्टैंड के लिए राशि स्वीकृत होने पर नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। महापौर ने बताया कि यह तो शुरूआत है। आगामी वर्षों में धमतरी का ऐतिहासिक विकास होगा। महापौर ने प्रशासकीय स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए विकास कार्यों में तेजी लाएंगे। बच्चों के लिए लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, ओपन जिम, इंडोर स्टेडियम, ग्रीन वेंडिंग जोन, ड्रेनेज सिस्टम, विद्युतीकरण, पेयजल, सौंदर्यीकरण, सड़क मार्ग, सीसी रोड, सार्वजनिक शौचालय, आवास, मिनी स्टेडियम, मैरिज हॉल, युवा केन्द्र, व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, नाली निर्माण, सफाई, जलभराव से मुक्ति, हार्वेस्टिंग सिस्टम, पार्क, मुक्तिधाम, सामुदायिक भवन के अलावा पूर्व के बड़े प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### योग स्वस्थ जीवन का आधार है

**नगरी।** प्राथमिक माध्यमिक शाला गोरेगांव में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर छात्र-छात्राओं, ग्रामीणजनों ने योगाभ्यास में शामिल होकर लाभ उठाया। इस अवसर पर सरपंच कन्हैयालाल नाग, उपसरपंच जीवनलाल यादव, प्रपा कौशलप्रसाद साहू माध्यमिक शाला गोरेगांव, चुलेश्वरी पायल प्रधानपाठक प्राथमिक शाला गोरेगांव ने सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका आसान, कपालभाति, भ्रामरी, अनुलोम, विलोम, प्रणव आसन, प्राणायाम, ताड़ासन, शवासन, भुजंगासन, वज्रासन समेत विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। संगीता देवांगन, कीर्ति कंवर, खेमीन साहू, राकेश कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू ने भी विभिन्न आसनों का लाभ उठाया। प्रपा श्री साहू ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक प्रगति के लिए योग आवश्यक है ।

### पीएम मोदी ने पूरे विश्व में योग को दिलाई पहचान





**मगरलोड।** शाउमावि मेघा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य भुनेश्वर साहू प्रीतम साहू, राहुल जैन ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड़ा हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में योग को पहचान दिलाई। ग्राम मेघा के 325 लोगों ने योगाभ्यास किया। सूक्ष्म यौगिक व्यायाम, प्राणायाम, कपालभाति, योगासन, ताड़ासन, वज्रासन, वृक्षासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार व शांति पाठ किया। मौके पर प्राचार्य एस के साहू, रेडक्रॉस काउंसलर अवधराम साहू, लाइब्रेरियन विद्या साहू, अमित कंवर, कीर्तिलता साहू, दिलीप साहू, भावना चावड़ा, किरण साहू, जयंत साहू, प्रीतमलाल साहू, टुकेश्वरी साहू, छबिला साहू, देवनारायण निषाद, युवराज साहू, मूलचंद साहू, गणेशराम साहू, ताराचंद सोनी, पुरुषोत्तम पटेल, डुमेश्वर निषाद, प्रफुल्ल, शुभम, देवनाथ साहू समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

# सीएचसी मगरलोड में स्टेट टीम के सदस्यों ने देखी स्वास्थ्य सुविधाएं






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

गर्भवती महिलाओं की गुणवत्ता पूर्वक प्रसव पूर्व जांच एवं जटिल प्रकरणों की समय से पहचान व उपचार हो, इस हेतु भारत सरकार द्वारा प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 24 मई को स्टेट से पहुंचे डॉ. पी. उरविन कुमार शाह डब्ल्यूएचओ, सुबोधधर शर्मा राज्य सलाहकार एनएचएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड का जायजा लिया। उन्होंने जांच कक्ष, प्रयोगशाला, प्रतीक्षा क्षेत्र, जल व्यवस्था, शौचालय और स्वच्छता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्च जोखिम गर्भावस्था की देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक अथवा चिकित्सक की तैनाती, लैब तकनीशियन और अन्य सहायक कर्मचारियों की तैनाती संबंधित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं देखी।

अधिकारियों नपे ब्लॉक प्लान के अनुसार कार्य करने निर्देशित किया। उन्होंने मितानिनों को उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं की किस प्रकार पहचान करते है, इस पर जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में गर्भवती माताओं को दी जाने वाली सेवाएं, जांच एवं उपचार सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिन माताओं की पीएमएसएमए तिथि में जांच व उपचार किया गया, इसका सूची में उल्लेख करने बीपीएम मनोज पटेल को निर्देशित किया।

बीपीएम ने बताया कि जोखिम गर्भवती माताओं को उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं मितानिनों के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संदर्भित किया जा रहा है। उन सभी जोखिम गर्भवती माताओं की संपूर्ण आवश्यक जांच होती है। स्टेट टीम ने गैर संचारी रोग विभाग का निरीक्षण किया जिसमें उच्च रक्तचाप एवं डायबिटीज मरीजों का एनसीडी रजिस्टर में पूरा कॉलम भरने को कहा साथ ही मोबाइल नंबर एवं पता आवश्यक रूप से भरने को कहा ताकि एनसीडी पोर्टल में ऑनलाइन प्रविष्टि किया जा सके। लैब जांच एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता का जायजा लिया। नेक्स्ट जेन ई हॉस्पिटल के सभी मॉड्यूल को चालू करने निर्देशित किया।

इसी दिन डॉ श्रीकांत चंद्राकर डिस्ट्रिक्ट एनसीडी कंसलटेंट तथा हेमेश्वर जोशी जिला आरएमएनसीएच कंसलटेंट द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मगरलोड का निरीक्षण किया गया। जोखिम गर्भवती माताओं का सुरक्षित प्रसव हो जिसके लिए मैपिंग करनेनिर्देशित किया गया। उच्च जोखिम गर्भवती माताओं को प्रत्येक माह की 9 अथवा 24 तारीख को सामुदायिक अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का संचालन किया जा रहा है, वहां मितानिनों के माध्यम से भेजने को कहा गया।

## शराबबंदी के लिए एकजुट हुए कोसमर्रा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा

नगर पंचायत भखारा से लगे ग्राम पंचायत कोसमर्रा में ग्राम विकास समिति और ग्राम पंचायत ने ग्राम में कोचियों के माध्यम से संचालित शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए सार्वजनिक बैठक बाजार चौक में की। बैठक के लिए गांव में काम बंद करने की मुनादी करा दी गई थी जिसके चलते हजारों ग्रामीण उपस्थित हुए। गांववालों का कहना है कि ग्राम में लगभग 15 शराब कोचियों के माध्यम से रोज शराब की बिक्री हो रही है। इससे गांव की स्थिति बिगड़ रही। युवा नशे के गर्त में समा रहे हैं। परिवार असहाय हो रहा है। गांववालों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए। उनका मानना था कि पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। उन्हें संरक्षण दिया जाता है जिससें शराब कोचियों के हौसले बुलंद हैं। सरपंच कुलेश्वर साहू, उपसरपंच हेमलाल चौरे एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी रामप्रसाद कंवर ने कहा कि शराब बिक्री का हम विरोध करते हैं। अगर जल्द ही कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामवासियों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा

बैठक में अनीश बनपेला, महेश हिरवानी, रूपचंद ,जीवराखन देवांगन, हेमंत वकील, चंद्रिका मीना साहू ,चंद्रकला, ओमप्रकाश साहू, विनोद यादव , द्वारिका साहू, रूपेंद्र साहू ,गोविंद साहू समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

भाजपा मंडल कुरूद ने पार्टी संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। पुराना बाजार चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री मुखर्जी के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

23 जून को पुराना बाजार कुरुद में स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विशाल प्रतिमा में भाजपा नेता, कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा नेता त्रिलोकचंद जैन, कुलेश्वर चन्द्राकर, भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, मोहन अग्रवाल, हरिशंकर साहू, मालकराम साहू, सुरेश अग्रवाल, लोकेश्वर सिन्हा, नंदु चन्द्राकर, प्रकाश धीवर, विकास चन्द्राकर, मिथलेश बैस, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, खिलेन्द्र, गोरख देवांगन, सोम साहू, टेकू, तरूण साहू, प्रवीण चंदेल, वियादव प्रकाश, बल्लू चन्द्राकर, राकेश यादव, भूमिका सिन्हा, संगीता सेन, ममता साहू, टीकम कटारिया, सूरज, देवांगन, खेमराज सिन्हा आदि मौजूद थे।

## उमरगांव क्षेत्र में नवीन सोसाइटी खोलने की मांग

■ उपमुख्यमंत्री अरूण साव से मिला ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम उमरगांव के एक प्रतिनिधिमंडल में शामिल ग्राम पंचायत उमरगांव के उपसरपंच फलेंद्र साहू, अंगेश हिरवानी, देवेन्द्र सेन, नारायण पुजारी और विष्णु शेष ने राजधानी पहुंचक उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सहकारिता विभाग के पंजीयक कुलदीप शर्मा से मुलाकात कर उमरगांव क्षेत्र में नवीन सोसाइटी खोलने मांग पत्र पुनः सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र उमरगांव में उमरगांव, छिंदीटोला, सारंगपुरी, मौहाबाहरा, पोड़ीडीह, अंजनी, रानीगांव, खम्हरिया, भीरागांव, फरसगांव, मुहकोट, आमझर सहित लगभग डेढ़ दर्जन गांव के किसान अपनी उपज को बेचने और खाद बीज का उठाव करने आते हैं, किंतु यहां सोसाइटी नहीं होने के कारण इन क्षेत्रों के किसानों को ग्राम सांकरा स्थित सोसाइटी में जाना पड़ता है जिससे उन्हें 5 से 25 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ती है। सांकरा स्थित सोसाइटी का क्षेत्र बहुत बड़ा होने के कारण किसानों का कार्य एक दिन में नहीं हो पाता, वे छोटे से छोटे कार्य को कराने के लिए कई दिनों तक सोसाइटी का चक्कर लगाते हैं जिससे किसानों का समय और पैसे की बरबादी होती है। इन परेशानियों के चलते कई किसान परिवार सोसाइटी से ऋण लेने और खाद बीज का उठाव करने से भी हिचकते हैं। ज्ञात हो कि नवीन सोसाइटी की स्थापना के लिए शासन प्रशासन द्वारा जो निर्धारित मापदंड है उन सभी मापदंडों पर यह क्षेत्र खरा उतरता है। यदि उमरगांव में नवीन सोसाइटी खुल जाती है तो इस क्षेत्र के किसानों को फायदा होगा। इस समस्या को देखते हुए ग्राम उमरगांव सहित क्षेत्र के लोगों के द्वारा विगत कई वर्षों से शासन प्रशासन को अवगत कराते हुए निचले से ऊपी स्तर तक मांग पत्र सौंपा जा रहा है।

## शाला प्रवेशोत्सव, आंगनबाड़ी भवन का उद्घाटन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड


प्राथमिक शाला, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया साथ ही साथ आंगनबाड़ी भवन का उदघाटन किया गया । एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीआर कंवर जिला पंचायत सदस्य धमतरी, विशिष्ट अतिथि बीरेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड, अतिविशिष्ट शत्रुघन साहू, नरेश सिन्हा, रोहित मोहन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, श्रीमती जितेंद्री पोखन नाग सरपंच, नरसिंग बोझ़ा उपसरपंच, भीखम नाग, विश्राम दाऊ, विधायक प्रतिनिधि हीराराम कंवर, अध्यक्ष शाला विकास समिति नेमू राम निषाद, प्रेमप्रकाश दाऊ, पवन निषाद थे।

## रानी दुर्गावती के बलिदान को किया नमन



**कोर्रा (भखारा)।** गोंडवाना समाज परिक्षेत्र सौराबांधा ने कोदोरास प्रांगण भवन में रानी दुर्गावती का शहादत दिवस मनाया। रानी दुर्गावती के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौके पर गोंडवाना समाज परिक्षेत्र के अध्यक्ष केवल सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष हेमनारायण कतलम, सचिव ताराचंद ध्रुव, सहसचिव ललित मांडवी, हरिशचंद्र कोर्राम, गैंदलाल मंडावी, पूनम उईके, भानुराम मांडवी संरक्षक होलाराम, योगेश मांडवी, मोहन नेताम, केदार ध्रुव, केशवराम ध्रुव, ईश कुमार नेताम, सुखराम नेताम, अरुण कुमार नेताम, रतनलाल नेताम, राहुल नेताम, देवेंद्र मरकाम, तोषण ध्रुव, होरीलाल नेताम, श्रीमती प्रीति कतलम, श्रीमती खेमिन उईके, बेनू कोर्राम पुनेश्वरी मांडवी, सरोज नेताम, श्यामाबाई नेताम, धनेश्वरी नेताम, सावित्री नेताम, सुनीति मांडवी, सोहद्रा नेताम एवं सेवादार लोकेश्वर नेताम शामिल हुए।

## सरपंच, सचिव को वन अधिकार दावा पत्र सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम उमरादैहान के ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत दुगली जाकर वन अधिकार दावा पत्र सरपंच रामेश्वर मरकाम, सचिव बीरेंद्र साहू को सौंपा। इसके पहले भी कई बार दावा पत्र सौंपा गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरपंच, सचिव ने ग्रामसभा रखकर समस्या का निराकरण करने की बात कही।

शिक्षिका अंजनी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहीं : गिरधारी

# जुगदेही स्कूल के प्रवेशोत्सव में शिक्षिका की हुई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला जुगदेही में प्रवेशोत्सव मनाकर कक्षा पहली व छठवीं के नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। वहीं युक्तियुक्तकरण के चलते एक शिक्षिका का अन्यत्र स्थानांतरित हो जाने पर उन्हें विदाई दी गई।

स्थानांतरित शिक्षिका श्रीमती अंजनी नेताम ने मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने खट्टे मीठे अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां आकर मैंने अनुभव किया कि यहां के बच्चों की पढ़ाई का स्तर, बच्चों की पाठ्य सहगामी क्रियाएं, उन्हें दिया जाने वाला संस्कार श्रेष्ठ है। मैंने खुद बहुत सी चीजें यहां सीखी। यहां के पालकों का शाला के प्रति सहयोग व समर्पण भी अन्य जगहों से काफी सकारात्मक है।

शिक्षक गिरधारी साहू ने शिक्षिका श्रीमती अंजनी नेताम के पिछले छह वर्ष के सेवाकाल को याद किया और बताया कि वे अपने कार्य क्षेत्र में बहुत ही कर्मठ रहीं और अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा सजग रहीं। उनकी पदस्थापना के बाद हमारी शाला से नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों का चयन, ब्लॉक स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी में स्थान प्राप्त करना और भाषायी कौशल में विशेष सुधार जैसी अनेक उपलब्धियां मिली। शाला परिवार की ओर से श्रीमती नेताम को रामचरितमानस ग्रंथ, प्रतीक चिन्ह, श्रीफल भेंट किया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को किरण साहू धन्वंतरि डिस्ट्रीब्यूटर की ओर से लेखनसामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर प्रधानपाठक उत्तम साहू, दुष्यंत साहू, शिक्षकगण भारत ध्रुव, मंजु मंडावी, लोकेश साहू व शाला समिति के अध्यक्ष महेन्द्र साहू, ओमप्रकाश साहू, सदस्य किरण साहू, केवल, सुमंत, सुनीता, लक्ष्मी, भूमिका, कन्हैया, भागवत व बड़ी संख्या में ग्रामवासी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### बच्चों को गणवेश एवं डिक्शनरी का वितरण



**जीजामगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला कानामुका में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सभी बच्चों को गणवेश एवं डिक्शनरी का वितरण किया गया। न्योता भोजन का आयोजन श्रीमती रत्ना पारकर पंचायत प्रतिनिधि द्वारा, शिक्षक गणेशराम खुंटे द्वारा मिठाई, प्रधानपाठक राजकुमार साहू की पत्नी उपासना साहू द्वारा चाकलेट प्रदान की गई। मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति कानामुका के सदस्य, नवागांव सरपंच, उपसरपंच, शाला के प्रधानपाठक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### बिरेझर में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनी



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत बिरेझर में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर सरपंच नेहा गुपेंद्र साहू, पंचगण तामेश्वर विश्वकर्मा, नेतराम चक्रधारी, लाकेश साहू, इंद्रजीत साहू, भुवनलाल साहू, पूरण साहू, रूपराम साहू, सेवाराम साहू, वालेन्दुसिंह राजपूत, जगमोहन साहू, पवन नागरची, पुष्कल साहू, रजत बाघ समेत अन्य उपस्थित थे।

### राजपुर स्कूल में योग दिवस मना



**मगरलोड।** योग दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला, नवाडीह, माध्यमिक शाला राजपुर में योगाभ्यास कराया गया। योग शिक्षक बिष्णुराम साहू ने प्राणायाम, कपालभाति, योगासन, ताड़ासन, वज्रासन, वृक्षासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया।

### भखारा भठेली में डा. मुखर्जी का किया स्मरण



**अंवरी।** राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक और जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नगर पंचायत भखारा भठेली में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बिंझवार साहू ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कुशराज सोन ने उनके संघर्ष को बताकर भाजपा के उद्देश्य से जोड़ा। इस अवसर पर मौरज साहू, दीनदयाल साहू, संतोष साहू, कुशराज सोन, वार्ड पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, खोमलता साहू, जितेंद्र साहू, चक्र सुदर्शन चंदेल उपस्थित थे।

### शाला प्रबंधन समिति के मेहत्तर राम बने अध्यक्ष



**अंवरी।** शासकीय माध्यमिक शाला भखारा में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। मेहत्तर राम साहू अध्यक्ष, दिव्या निषाद उपाध्यक्ष, शिक्षाविद हेमनारायण गौर, सदस्यगण कुलदीप साहू, भूपेंद्र कुमार, संतोष, भुनेश्वर, टेमिन विश्वकर्मा, सुरेखा, भगवती, रुक्मणि, हेमपुष्पा, उमेश्वरी निर्वाचित हुए। छात्र प्रतिनिधि के रूप में तुलेश्वरी निर्वाचित हुई। मेहत्तरराम साहू एक अनुभवी व्यक्ति हैं। वे 8 वर्ष तक पंच पद पर रहे। उन्होंने कहा कि मुझे जो आज दायित्व दिया गया, उसका सच्ची निष्ठा से निर्वहन करूंगा। इस अवसर पर उषा, शम्भू साहू, मुकेश साहू, बुधिया विश्वकर्मा, रेणुका, गुंजा यादव ,सुरुज बाई, खिलेश्वरी, आसलता, मिकेश साहू, रुद्र गोस्वामी, पूर्णिमा उपस्थित थे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शास. माध्य. शाला का संचालन वर्तमान में संचालित जगह पर ही किया जायेगा । मिनी स्टेडियम में संचालित भवन जर्जर हो चुका है। यहां शौचालय मूत्रालय का अभाव है।

### धरती आबा शिविर से लाभान्वित हुए हितग्राही



**नगरी।** जपं नगरी के ग्राम पंचायत जबर्रा में ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत धरती आबा शिविर का आयोजन किया गया। सरपंच जबर्रा कौशिल्या मरकाम, उपसरपंच सिसधन नेताम, ग्राम पटेल सुभाउराम नेताम एवं पूर्व सरपंच रमेश धनुरधारी ने भगवान बिरसामुण्डा के तैलचित्र में पूजा-अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में क्रेड़ा विभाग, कृषि एवं प्रौद्योगिकी, वन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में विकास विस्तार अधिकारी आरएस नेताम, सचिव रामकुमार एल्मा भी उपस्थित थे।

### बच्चों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक का वितरण



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला जामली में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा सरपंच मोहंदी की उपस्थिति में धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कक्षा पहली में प्रवेश हुए बच्चों का अतिथियों द्वारा तिलक-गुलाल एवं बड़ा, पूड़ी, खीर खिलाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तक का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती अनिता लहरे, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नेम सिंह ध्रुव, उपाध्यक्ष श्रीमती टिकेश्वरी सिन्हा, सदस्य चेतन साहू, संतोषी मार्कण्डेय, भुनेश्वरी ध्रुव, शिवकुमारी साहू, एस्तर ध्रुव, मैनाबाई ध्रुव, प्रमिला साहू, रोहनी ध्रुव, प्रधानपाठक डेवेश कुमार साहू, सहायक शिक्षिका बसन्ती सिन्हा, रेखा साहू, रसोइया पुनई बाई ध्रुव सहायिका खेमीन ध्रुव, स्वीपर शिव साहू समेत पालकगण एवं बच्चे उपस्थित थे।

### आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों ने किया योग



**नगरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आईटीआई नगरी सिहावा में योग दिवस मनाया गया। विभिन्न व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अधिकारी मिथिलेश साहू एवं उत्तम साहू द्वारा योग कराया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी किशन मरकाम एवं झरना साहू, योगिता कुंजाम, आरती, बसंती, लक्ष्मी, पुष्पा, ईश्वरी, सुमन प्रिया एवं प्रशिक्षण अधिकारी परमानंद नेताम, कमलेश साहू, खिलेश्वर साहू, कमलकांत साहू, त्रमन साहू, तामेश्वर साहू ने हिस्सा लिया।

## अंचल की खबरें

### योग से शारीरिक व मानसिक विकास



**जीजामगांव।** विश्व योग दिवस पर चटौद स्कूल में योग दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों को योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। बताया कि शारीरिक, मानसिक विकास के लिए योग जरूरी है। कार्यक्रम में सरपंच खेमचंद साहू, डोमारराम साहू, सेनि प्रधानपाठक गैन्दूराम ध्रुव, प्राचार्य एचआर मरकाम, व्याख्याता एसके कंवर, प्रियंका शर्मा, केपी साहू, आभा खरे, रमेश चन्द्राकर, शिक्षक भानुराम साहू, वासन्ती देवांगन, विश्रुति व्यास, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर उपस्थित थे।

### सिंगपुर मंडल के पांच गांव में हिंदू जागरण मंच का गठन

**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच धमतरी अपने संगठन विस्तार कार्य को योजनाबद्ध करते हुए जिले के प्रत्येक गांव में मंच का गठन कार्य को गति दे रहा है। इसी तारतम्य में सिंगपुर मंडल के सिंगपुर सहित खड़मा, मड़वापथरा, कमईपुर, अंजोरा, मुड़केरा में हिन्दू जागरण मंच का गठन किया गया। मौके पर जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद, डाकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, प्रतीक साहू, जिला युवा आयाम सत्यम सिन्हा, सारांश ठाकुर, ऋतिक ने सिंगपुर क्षेत्र के गांवों में हिन्दू समाज को जगाने अपने अभियान को गति दी।

### अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा थे डा. मुखर्जी



**धमतरी।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में रामपुर वार्ड में मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण, तिलक वंदन कर उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर वक्ता भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिलीप पटेल ने कहा कि आज कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। यह डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की ही देन है जिन्होंने दो प्रधान, दो विधान दो निशान का विरोध कर इस लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दे दी। भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। मौके पर धनीराम सोनकर, प्रेमनारायण साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर, बूथ अध्यक्ष देवचरण ध्रुव, प्रताप देवांगन, जालमपुर वार्ड पार्षद संजय देवांगन, कन्हैया सोनकर, बलराम सोनकर, अनुज दुबे, विजय जोशी, करण साहू, धरम साहू उपस्थित रहे।

### प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन की नींव



**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड स्थित नवीन प्राथमिक शाला में शला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि वार्ड पार्षद अखिलेश लक्ष्मीनारायण सोनकर ने नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर व पाठ्यक्रम पुस्तक गणवेश भेंटकर अभिनंदन किया। श्री सोनकर ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन की नींव होती है और इस उत्सव का उद्देश्य बच्चों में स्कूल के प्रति आत्मीयता और उत्साह पैदा करता है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई, तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीमती उमा शर्मा द्वारा बच्चों और अभिभावकों का स्वागत किया गया। बच्चों को शिक्षकों द्वारा खिलौने, पठन सामग्री और मिठाइयां भी वितरित की गई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष घनश्याम साहू, शिव नेताम, राकेश निर्मलकर, अनिल पटेल समेत टीचर स्टाफ उपस्थित रहे।

### योग मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने की कला है



**धमतरी।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला अस्पताल परिसर में आयुष संचालनालय द्वारा आयोजित निःशुल्क पंच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हरित योग थीम पर हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों को एक-एक पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया। इस शिविर का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि योग कोई साधारण व्यायाम नहीं, यह भारत की आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक प्रयास से आज योग ने अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि हमारे विचारों और भावनाओं को भी शुद्ध करता है। इस अवसर पर पार्षद योगेश लाल, रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष प्राप्ति वाशानी, सिविल सर्जन डॉ. एके टोण्डर, डॉ. आभा हिशीकर, डॉ जयालता साहू, डॉ उत्पेक्षा सिन्हा समेत अनके स्वास्थ्यकर्मी एवं योग साधक उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कांग्रेस को कभी माफी नहीं मिल सकती : अजय

मौके पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार, निर्मल बरडिया, कमलेश ठोकने, निरंजन सिन्हा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला संयोजक कविंद्र जैन, गौकरण साहू, श्यामा साहू, अविनाश दुबे, चेतन हिंदुजा, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, विरेंद्र साहू, गीतेश्वरी साहू, सरला जैन, डेनिस चंद्राकर, निगम सभापति कौशल्या देवांगन, राजेंद्र गोलछा, बीथिका विश्वास, जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर, धनेश्वरी साहू, मोनिका देवांगन, अवनेंद्र साहू, विजय मोटवानी, नरेंद्र रोहरा, उमेश साहू, हेमंत माला, तल्लीन पुरी गोस्वामी, निलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, आशा लोधी, भारती साहू, अनीता अग्रवाल, सुशीला तिवारी, खिलेश्वरी किरण, कैलाश सोनकर, रामस्वरूप साहू, मंडल अध्यक्ष अमन राव, नम्रता पवार, नीलू डागा, देशांत जैन, हेमराज सोनी, गोपाल साहू, नंदू लोधी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

समाज को महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए : ठाकुर

# आदिवासी समाज ने रानी दुर्गावती का मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



ग्राम गाड़ाडीह में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज परिक्षेत्र कुरुद एवं गाडाड़ीह पाली के तत्वावधान में वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों सामाजिकजन हुए और समाज में भाईचारा बनाने का संदेश दिया।

गोंड समाज के जिला अध्यक्ष और मुख्य अतिथि माधव सिंह ठाकुर ने कहा कि रानी दुर्गावती जिस तरह शासन प्रशासन की बागडोर संभाली थीं, एक मिसाल है। आज हमें भी चाहिए कि हम अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दें और आज की प्रशासनिक व्यवस्था को समझे ताकि समाज और देश को चलाने में सक्षम हो। समाज को महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अतिथियों ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर महिला पदाधिकारियों ने भी अपनी बातें रखी। पूर्व सदस्य जनपद पंचायत कुरूद गीताबाई मांडवी ने कहा कि आज से पांच सौ साल पहले रानी दुर्गावती का जन्म हुआ था। गोंड जनजाति की यह वीरांगना शौर्य, साहस, वीरता ,पराक्रम की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने गोंडवाना साम्राज्य की रक्षा के लिए मुगल साम्राज्य के खिलाफ युद्ध किया। किरण छेदैया अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज, तहसील अध्यक्ष ललित ठाकुर, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष हरिश्चंद्र मांडवी भरोसाराम पटोडी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिक्षेत्र अध्यक्ष लाकेश्वर नेताम ने की। मंच संचालन पोखराज नेताम और राधेलाल मंडावी ने किया।

इस अवसर पर संतोष सोरी, घनश्याम कुंजाम, बालमकुंद नेताम, तेजराम छेदैया, दीनानाथ कोकट्टा, परदेसी मरकाम, भगत मंडावी, उदयराम पदाम, महेश पदाम ,कलीराम मरकाम, उमराव मंडावी ,ईश्वरी मंडावी, रुक्मणि छेदैया, संतोषी छेदैया, मेहतरीन नेताम, श्याम कुमारी नेताम, अमर बाई नेताम, दिनेश्वरी नेताम, ममता छेदैया सहित अनेक समाजजन मौजूद थे।

# नेशनल बेसबॉल के लिए शंकरदाह के खिलाड़ी चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ बेसबॉल संगठन द्वारा 25वीं जूनियर बालक-बालिका बेसबॉल स्पर्धा 9 जून को रखी गई थी जिसमें ग्राम शंकरदाह के खिलाड़ियों ने जिला धमतरी का प्रतिनिधित्व किया था। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बालिका वर्ग से कुमारी नंदिता निषाद तथा बालक वर्ग से भावेश साहू का चयन राष्ट्रीय बेसबॉल स्पर्धा के लिए हुआ है। खेल शिक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि यह स्पर्धा 27 जून से 1 जुलाई तक गढ़मुक्तेश्वर जिला पाटन उत्तरप्रदेश में आयोजित है। चयनित खिलाड़ी आज रवाना होंगे। खिलाड़ियों के चयनित होने पर श्रीमती रमी गौतम सरपंच शंकरदाह, रामवती अश्वनी सिंह सरपंच डोड़की, चुम्मन बाई कंवर सरपंच बलियारा, हेमंत साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, श्रीमती एस दुबे प्राचार्य, अमृत ध्रुव, भानु नेताम, सोमन देवांगन, रामकृष्ण ध्रुव, विनोद डिंडोलकर, गीतेश्वर साहू, एच अंधारे, एम शाह, के लूनिया, आरके राखेचा, व्ही तिवारी, एन साहू, पवन परिहा, शव्या गोस्वामी, एस ध्रुव ने हर्ष जताया है।

# सिटी बस संचालन को लेकर आपरेटरों में रूचि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



**पांच बार टेंडर निकालने के बाद भी नहीं आ रहे सामने, नियम शर्तें काफी कठिन**

सिटी बसें पिछले 7 साल से बंद हैं। सिटी बसों के पहिए थमने के कारण दूरस्थ अंचल गांवों के यात्री खासे परेशान हैं। गरीब मध्यमवर्गीय यात्री अब भी सिटी बस चलने का इंतजार कर रहे हैं। सिटी बस संचालन के लिए डेढ़ साल के अंदर पांच बार टेंडर निकालने के बाद भी कोई भी संचालक सिटी बस चलाने सामने नहीं आया। बेबस यात्री और प्रशासन पसोपेश में हैं कि आखिर सिटी बसों को सड़क पर कैसे दौड़ाएं। संचालक नहीं मिलने से पिछले डेढ़ साल से हो रहा प्रयास निरर्थक हो गया। इधर सस्ती परिवाहन सेवा के लाभ से लोग वंचित हो रहे हैं।

आपरेटरों एवं बस संचालकों का कहना है कि टेंडर में किराया की राशि कम होने एवं कड़े नियम शर्तों के कारण वे अपना हाथ खींच रहे हैं। बस संचालकों ने बताया कि किराया राशि काफी कम है। इससे तो डीजल, मेंटनेंस का खर्च निकालना मुश्किल है। ड्राइवर, कंडक्टर, स्टाफ का खर्चा कौन देगा। इसके अलावा टेंडर का नियम काफी सख्त है। शर्त के मुताबिक बसों का संचालन कभी नहीं हो सकता। जिले की सड़कें काफी खराब हैं। मेंटनेस और टायरटयूब, पहिया का खर्च डबल हो जाएगा। इससे आपरेटरों को घाटा होगा। रायपुर टू धमतरी के अलावा अन्य रूट के लिए सवारी कम मिलती है। 5 से 10 सवारी के लिए बसों को दौड़ाना पड़ता है।

बता दें कि पहला टेंडर अगस्त 2023 में निकाला गया, इसमें कोई भी आपरेटर सामने नहीं आया। इसके बाद 2 साल में लगातार 4 टेंडर और निकाला गया। इसके बाद भी किसी भी बस संचालकों ने टेंडर नहीं भरा। अब प्रशासन को ही कोई तीसरा रास्ता अपनाना होगा, ताकि लोगों को सिटी बस सेवा का लाभ मिल सके।

निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने कहा कि पांच बार टेंडर निकालने के बाद भी कोई भी सामने नहीं आया है। अब अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी कमेटी ही कोई फैसला लेगी। प्रयास जारी है। भविष्य में सिटी बस सेवा पुनः प्रारंभ होगी।

# योग हमारे देश की अमूल्य धरोहर

- सर्वसमाज ने सेंचुरी गार्डन में योगाभ्यास के साथ किया पौधारोपण



**धमतरी।** रमसगरी गार्डन योगा ग्रुप एवं एक पहल मार्निंग ग्रुप की पहल पर सर्वसमाज ने अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर रामसागर पारा स्थित सेंचुरी गार्डन में योग शिविर के साथ पौधरोपण का कार्यक्रम रखा। योग टीचर संतोषी निम्बाडकर, योग सहायिका ट्रेनर श्रीमती ममता ठाकुर एवं कु. डॉली यादव ने सर्वसमाज के प्रतिनिधिमंडल एवं योगा ग्रुप के सभी सदस्यों को योग कराकर योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ एवं मानसिक तनाव व अवसाद से मुक्त रहने के उपाय बताए।

प्रशिक्षकों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी, आलोम-विलोम सहित अन्य योग मुद्राओं का अभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम ही नहीं बल्कि मानसिक शांति, अनुशासन और जीवन की एक सकारात्मक दृष्टि देने वाली पद्धति है। एक पहल मार्निंग ग्रुप के अध्यक्ष लखन सिन्हा ने कहा कि सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है जिसका भारत सदियों से शारीरिक एवं मानसिक लाभ उठाता रहा है। सर्वसमाज प्रतिनिधिमंडल की ओर से ब्राम्हण समाज धमतरी के पूर्व जिला महासचिव भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि योग एवं पौधरोपण से मस्तिष्क की सक्रियता बढ़कर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। मौके पर लक्ष्मण जिज्ञासी, विद्याशंकर दीवान, हरीश पाठक, सत्यनारायण महावर, शंकर महावर, हरेश कुमार भोजवानी, अनिल भोजवानी, प्रदीप गुप्ता, अशोक साहू, राजू गुप्ता, विक्रांत पवार, राजेश कुमार, अय्यूब खान, मुत्रा शर्मा, पिंकी थावईत, सपना देवानी, हर्षा देवानी, रजनी, कोमल, भावना केशवानी, भूमि यादव, उमा पटेल समेत अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वार्ड पार्षद पिंटू यादव एवं आभार प्रदर्शन पार्षद हेमंत बंजारे ने किया।

# विद्यालय में सिर्फ पढ़ाई-लिखाई ही नहीं होती, संस्कार भी गढ़ा जाता है : शारदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ेली में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मोतीलाल सोन के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कक्षा नवमी के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का मुंह मीठाकर उन्हें किताब भेंट की गई। कक्षा दसवीं-बारहवी के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष ने मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शारदा साहू ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि हमें शिक्षकों का सम्मान करते हुए अध्ययन करना चाहिए। जीवन में कुछ पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। शासन द्वारा दि जा रहे मध्यान्ह भोजन, पुस्तक, गणवेश और साइकिल हमारे लिए उपहार है, उसका सम्मान और सदुपयोग करना चाहिए। विद्यालय में सिर्फ पढ़ाई-लिखाई ही नहीं होती, बल्कि संस्कार भी गढ़ा जाता है ताकि हम एक अच्छे इंसान बन सकें। प्राचार्य मनोज टंडन ने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी।

अध्यक्ष मोतीलाल सोन ने स्कूल परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए आने वाले सत्र में और बेहतर परिणाम के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम को ठाकुरराम साहू जनपद सदस्य, डॉ नंद साहू, शेखर साहू, यशवंत साहू, बंशीलाल देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में ईश्वर सोन,घनश्याम साहू, गजेंद्र पिंजारा, शिक्षक द्वय फरजाना अली, तुषेन्द्र तरार, हीराराम साहू ,मंजुला ध्रुव, गीता यादव, रजनीश साहू, रुस्तम सिंह, हरिशंकर नेताम, वेदनारायण कंवर, धर्मेंद्र मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रामदयाल साहू व्याख्याता ने किया।

# मुंह मीठा कराने के बाद छात्रों को पुस्तकें बांटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

शाउमावि अंवरी में शाला विकास समिति के अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा 9 वीं के नवप्रवेशी छात्रों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। मुंह मीठा कर पुस्तक वितरित की गई। प्राचार्य पीएन साहू ने नवप्रवेशी छात्रों को सभी के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करने, अच्छे संस्कार व अतिथियों का सम्मान करने की बात कही। शाला समिति के अध्यक्ष फलेन्द्र ध्रुव ने 8 वीं पास होकर 9 वीं पहुचे छात्रों को बधाई दी। असफल छात्रों से कड़ी मेहनत करने की बात कही। सरपंच हितेन्द्र नाथ मंडल व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जांगड़े ने छात्रों को शिक्षकों की बात मानने व खूब मेहनत कर माता पिता व संस्था का नाम रोशन करने कहा। बिसौहाराम साहू ने हर दिन छात्रों को माता-पिता के पैर छूकर स्कूल आने की बात कही।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि लेखराम साहू, शाला समिति के पूर्व अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, उपसरपंच सुरेन्द्र कुमार, बिसौहा राम साहू, शिक्षाविद कुलंजन सिंह ठाकुर व ग्रामीण बालाराम साहू, जागेश्वर कुमार, मस्तराम, हिन्छाराम मरकाम, हुसैन जांगड़े, संस्था के प्राचार्य पीएन साहू, व्याख्याता आईआर साहू, केएल यादव, एलबी साहू, सहायक शिक्षक डीके साहू, व्याख्याता पी सिन्हा, केएल घोघरे, श्री राम्हू ध्रुव, झनक लहरे, पी.डहरे, नरसिंग नेताम उपस्थित थे।

# कार्यशाला में विद्युत सुरक्षा पर दी जानकारी



- कार्यक्षेत्र में नशे से दूर रहकर सुरक्षा सामग्री साथ रखें कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

विद्युत विभाग के कार्यपालक निदेशक (राग्राक्षे) संदीप कुमार वर्मा, अति. मुख्य अभियंता केएस भारती एवं अधीक्षण अभियंता (वृत्त) रायपुर अशोक खण्डेलवाल के निर्देशन में संभागीय कार्यालय कुरुद में धमतरी जिला अंतर्गत कुरूद एवं धमतरी संभाग में विद्युत कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के उपाय, सावधानियां संबंधी कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि किसी कार्य पर जाने से पूर्व उसकी पूरी जानकारी तथा समस्त सुरक्षा साधनों एवं औजारों की जांचकर ही उपयोग में लिया जाये। जिस पोल पर डबल लाइन या कट पाइंट हो, उस पर दोनों तरफ से सप्लाई बंद कराकर शार्टिंग व अर्थिंग किया जाना चाहिए। कार्य करते समय हमेशा डिस्चार्ज रॉड, डीओ ऑपरेटिंग रॉड, दस्ताना, हेलमेट एवं सेफ्टी बेल्ट का उपयोग अवश्य करें।

अधिकारियों को सतर्कता एवं सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करने व दूसरों को भी सिखाने के निर्देश दिये गये। बंद लाइन में काम करते समय करंट आने की विभिन्न संभावनाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि आपका जीवन अमूल्य है। इसलिए कार्य करते समय नशे का उपयोग नहीं करें। कार्यशाला में कार्यपालन अभियंता धमतरी एपी सोनी एवं कुरुद संभाग के कार्य अभियन्ता जीके बंजारे, सहायक अभियंता एलएल ध्रुव, एसके कोसरे, योगेश तारम, भारतलाल सिन्हा, प्रेमलता देवांगन, सीमा ताकुर, केएस चंदवंशी, वामन कुमार साहू, आरएस बिसेन, खोमेन्द्र ध्रुव समेत समस्त कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

# पीआईसी की दूसरी बैठक में नगर विकास के लिए 42 बिंदुओं पर निर्णय हुआ पारित

- मरम्मत कार्य, बिजली, पानी के लिए निविदा निकालने को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



**नया सब्जी बाजार को किया जायेगा विकसित**

अध्यक्ष एवं पार्षदों की निधि से विभिन्न वार्डों में कार्य कराए जाने, नये बाजार के चबूतरों की मरम्मत कर सुंदर बनाने, नये सब्जी बाजार में अध्यक्ष निधि से बिजली पानी की पर्याप्त व्यवस्था के साथ पूर्ण विकसित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के मरम्मत कार्य, बिजली, पानी के कार्य हेतु निविदाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष कक्ष में पीआईसी की दूसरी बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर की अध्यक्षता में 42 बिंदु वाले नगर विकास के एजेण्डे में नपं उपाध्यक्ष, सभी सभापति ने बैठक में सम्मिलित होकर नगर विकास के लिए सर्व सम्मति से निर्णय पारित किया। बैठक में मुख्य रूप से बस स्टैंड परिसर में अध्यक्ष के घोषणानुसार देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा लगाकर परिसर को सुंदर और व्यवस्थित करने, चंडी मंदिर के पास झंडे चबूतरे का सौंदर्यीकरण करके संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने, कन्या स्कूल एवं आत्मानंद स्कूल में अतिरिक्त कक्ष सहित मरम्मत कार्य और वार्ड 15 अटल आवास परिसर में नये आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए 12 लाख की लागत से भवन निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सभापतिगण मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, पीआईसी के सलाहकार सदस्य कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुप्ता, इंजीनियर सिन्हा एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है : अरुण

- जैतपुरी में नवीन स्कूल भवन का लोकार्पण एवं शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



विकासखण्ड नगरी के ग्राम बेलरगांव में हायर सेकेंडरी स्कूल और ग्राम जैतपुरी में नवीन स्कूल भवन का लोकार्पण एवं शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण कुमार सार्वा थे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गरिमा नेताम, जनपद सदस्य श्रीमती मौसमी मंडावी, भाजपा मंडल बेलरगांव अध्यक्ष मनोहर मानिकपुरी थे। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक व पुष्पमाला से स्वागत किया गया।

अपनेउद्बोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो किसी भी समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। जब एक बच्चा शिक्षित होता है, तो पूरा परिवार, पूरा समाज और अंततः देश प्रगति की ओर बढ़ता है।

केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत ज्ञान, कौशल और संस्कार का समन्वय सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने आगे कहा हमारा प्रयास है कि ग्राम स्तर पर भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच हो, ताकि ग्रामीण प्रतिभाएं भी आगे आ सकें। नवनिर्मित भवन और विद्यालय केवल इमारत नहीं, बल्कि भविष्य गढ़ने के केंद्र हैं। श्रीमती गरिमा नेताम और श्रीमती मौसमी मंडावी ने भी अपने संबोधन में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों की सराहना की और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला लिमतरा में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। मध्यान्ह भोजन में न्योता भोजन के रूप में सुमीत बनपेला द्वारा खीर पूड़ी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू, उपसरपंच पंकज कुमार साहू, पंचगण श्रीमती चित्ररेखा चंद्राकर, खुशी देवी साहू, सीमा साहू, रेखा सेन, मोतिम साहू, पूर्णिमा साहू, डामेश्वरी साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, राधाबाई साहू, रामलखन साहू, सदस्यगण कार्तिक राम साहू, भगवती प्रसाद साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### डागा धर्मशाला पर निगम ने लगाया अपने कब्जे का सूचना बोर्ड



**धमतरी।** नगर पालिक निगम ने सिहावा चौक स्थित डागा धर्मशाला पर बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को कब्जा हटाया और खंडहर भवन को नेस्तानाबूत कर दिया और वहां सूचना बोर्ड लगाकर स्पष्ट किया कि उक्त भूमि नगर निगम की स्वामित्व संपत्ति है और अब यह निगम के कब्जे में है। निगम के अमले ने मौके पर पहुंचकर जर्जर हो चुकी धर्मशाला को तोड़कर नगर पालिक निगम धमतरी की स्वामित्व की भूमि है, का बोर्ड स्थापित किया और प्रवेश द्वार पर निगम ने अपना ताला जड़ दिया है। नगर निगम की इस कार्रवाई को नगरवासियों ने सराहा है और उम्मीद जताई है कि शहर की अन्य सरकारी संपत्तियों से भी अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। इस मौके पर निगम का अमला उपस्थित रहा।

### भाजपा आमदी मंडल ने किया योग का आयोजन




**धमतरी।** विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा आमदी मंडल द्वारा कांटा तालाब सामुदायिक भवन सुभाष नगर वार्ड में योग दिवस का आयोजन किया गया। योग शिक्षिका श्रीमती सुमिता पंजवानी ने योग के गुण बताए एवं प्रतिदिन योग करने का संकल्प भी दिलाया। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, जिला महामंत्री किसान मोर्चा रोहताश मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष विनय जैन, सभापति नगर निगम श्रीमती कौशिल्या देवांगन, मण्डल महामंत्री कोमल देवांगन, केवल साहू, गीता शर्मा, संतोष, पार्षद भारती साहू, पार्षद हिमानी साहू, मण्डल उपाध्यक्ष रीता बंजारे, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती रितिका यादव, श्रीमती विभा चंद्रकार, भागवत साहू, गणेश विश्वकर्मा, लखन पटेल, सोनू नाग, रामकुमार साहू, रामायण साहू, नरेंद्र देवांगन, करण भाड़ेकर, शत्रुघन ढीमर, अंश यादव, मीठी यादव समेत आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### जिला सहकारी संघ में योग उत्सव मना



**धमतरी।** जिला सहकारी संघ द्वारा संघ कार्यालय के निकट परिसर में सुबह 7 बजे योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग प्रशिक्षिका डॉ नायडू ने गायत्री मंत्र के सामूहिक जाप से किया। डॉ नायडू ने कहा कि लोगों को ऊर्जावान और प्रफुल्लित रहने के लिएयोग के माध्यम से स्वस्थ जीवन पद्धति को अपनाना होगा। उन्होंने योग प्रक्रिया के बारे में बताया। गुरुनाथ राव द्वारा वज्रासन, पवनमुक्तासन व मंडुकासन की क्रिया सिखाई गई। प्रकाश वाशानी ने मयूरासन, हलासन व ताड़ासन की क्रिया प्रस्तुत की। योग दिवस पर डॉ. पपेश जैन व सुरेश मेहता ने भी अपने विचार रखे। मौके पर संघ प्रबंधक एपी गुप्ता, सहकारी निरीक्षक गुणेश वैष्णव, सुशील साहू, शगुन पटेल, बजरंग अग्रवाल, गुरुनाथ राव, जगदीश मेहता, जैकी राठौर, सुरेश मेहता, विक्की रघाटाटे, हिमेश मेहता, कानाराम चौधरी, रेखा मेहता, वंदना शर्मा, वान्या, स्वाति मेहता, मुनमुन मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### योग से शारीरिक, मानसिक विकास



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सरपंच धनेश्वरी ध्रुव ने कहा कि योग से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है। विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। मौके पर पूर्व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र साहू, भारतलाल ध्रुव, प्राचार्य गेवाराम नेताम, व्याख्यातागण चोवाराम चंद्राकर, रोहित कुमार साहू, खेदी साहू, डी. संगीता राव, चेतन देवांगन, शाजिया परवीन, चंद्रशेखर यादव, पीटीआई अश्वनी पाटकर, दुलेश्वर साहू, माला साहू, सत्यवती साहू, मोनिका साहू, हरीश निर्मलकर, भृत्य ईगन साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। योग कार्यक्रम पीटीआई अश्वनी पाटकर के मार्गदर्शन में संस्था की भूतपूर्व छात्रा लीना साहू ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा अतिथियों को योगाभ्यास कराया।

### श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मना



**धमतरी।** सोमवार को गौरव ग्राम कंडेल में श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर सरपंच गिरधर सार्वा, यतीश श्रीवास्तव, ओंकार नेताम, प्रदुम्न नागरची, हेमूराम साहू, नीरज साहू, रघुनाथ मछंदर सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहर में पहली बार रथयात्रा पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

# डॉ. रोशन ने बताया जगन्नाथ रथयात्रा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर में 106 साल से रथयात्रा महोत्सव मनाया जा रहा है। श्री जगदीश मंदिर में रोजाना पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार की रात शहर के अग्रसेन भवन में रथयात्रा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। शहर के लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ रोशन उपाध्याय ने भगवान जगन्नाथ के मूल स्वरूप अपूर्ण क्यों, क्यों पड़ते हैं बीमार, रथ कहां से गुजरता है, भगवान ननिहाल में कितने दिन रूकते हैं सहित अन्य विषयों को लेकर व्याख्यान दिए।

डॉ रोशन उपाध्याय ने बताया कि भगवान कृष्ण ब्रज लीला, मथुरा लीला पूरी करने के बाद द्वारिकाधीश में द्वारिका लीला करने आते हैं। यहां भगवान की रानियों ने देखा कि भगवान नींद में लंबी-लंबी सांस ले रहे हैं। निंद्रा अवस्था में हां वृंदा, हां ब्रज, हां गोवर्धन, हां ललिते, हां यमुना, हां राधा का नाम निकलता है। रानियों को लगा कि वे प्रभु की इतनी सेवा करती हैं, लेकिन प्रभु सबसे ज्यादा राधाजी का स्मरण कर रहे हैं। इसका कारण पूछने रोहिणी माता के पास जाती हैं। रोहिणी माता ने कहा कि मैं ब्रजलीला के बारे में तो बता दूंगी, लेकिन इस कथा के बीच भगवान कृष्ण व बलराम न आएं। वे आ गए तो विचलित हो जाएंगे।

माता रोहिणी ने कथा सुनाना प्रारंभ किया। कुछ ही देर में कृष्ण एवं बलराम पहुंच गए। सुभद्रा ने अंदर जाने से रोका। इससे भगवान को संदेह हुआ। वे बाहर से ही अपनी सूक्ष्म शक्ति से ब्रज लीलाओं को सुनने लगे। कथा सुन श्रीकृष्ण, बलराम व सुभद्रा के हृदय में ब्रज के प्रति अद्भुत भाव उत्पन्न हुआ। श्रीकृष्ण के पैर, हाथ सिकुड़ने लगे। इसी वक्त देवमुनि नारद पहुंचते हैं। भगवान के इस रूप को देखकर आश्चर्यचकित हुए और निहारने लगते हैं। नारदजी ने कहा कि हे प्रभु ये आपका कैसा रूप है। मेरी इच्छा है कि मैंने आज जो आपका रूप देखा, वह रूप आपके सभी भक्त देखें।

भगवान ने कहा कि राजा इंद्रद्युम्न की पत्नी गुंडिचा संतान के लिए तप कर रही हैं। उन्हीं के घर दारून विग्रह के रूप में जन्म होगा। तीन स्वरूप में निर्माण होगा। एक उनका स्वयं, दूसरा बलराम और तीसरा बहन सुभद्रा। इसी दौरान भगवान विश्वकर्मा बढ़ाई के रूप में पहुंचते हैं। राजा ने बढ़ाई से भगवान की प्रतिमा बनाने के लिए कहा। बढ़ाई ने शर्त रखी कि मूर्ति बनाने में 21 दिन का समय लगेगा, लेकिन इस बीच कोई भी मूर्ति निर्माण कक्ष में न आए। यदि कोई पहुंच गया तो मूर्ति को उसी हालत में छोडक़र चला जाऊंगा।

मूर्ति का निर्माण बढ़ाई ने शुरू किया। अचानक 14 वें दिन से हलचल बंद हो गई तब रानी बलात प्रवेश करते हुए भीतर चली जाती हैं। इससे भगवान विश्वकर्मा क्रोधित होकर चले जाते हैं। तभी अधूरे हाथ, अधूरे पैर, गोल आंखें देखकर रोने लगती है। तब भगवान प्रकट होते हैं और गुंडिचा से कहते हैं कि यह मेरा कलिकाल का पूर्ण स्वरूप है।

#### माधवदास से जुड़ी है बीमार होने की कड़ी



डॉ उपाध्याय ने बताया कि भगवान जब बीमार होते हैं तो 15 दिन तक उन्हें काढ़ा (औषधि) दिया जाता है। भगवान बीमार होने की घटना भक्त माधवदास की कथा से जुड़ी है। जब माधवदास बीमार हो जाते हैं तो भगवान से देखा नहीं जाता। भगवान अपने भक्त की सेवा करते हैं। माधवदास भगवान से कहते हैं कि आप मेरी सेवा मत करिए। तब भगवान कहते हैं कि भक्तों की सेवा मेरा कर्तव्य है। यह कहते हुए भगवान माधवदास के कष्ट को धारण कर लेते हैं। 15 दिन बाद जब भगवान स्वस्थ होते हैं तो फिर से उनकी सेवा और भोग आरती की जाती है।

## स्वास्थ्य मंत्री से पीएचसी खरेंगा में चिकित्सक की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंत्रालय में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री दयाराम साहू, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश नेता हेमराज सोनी, हिरेन्द्र साहू, श्याम आडेपवार ने भेंटकर धमतरी में मेडिकल कालेज खोलने की स्वीकृति देने पर धन्यवाद दिया साथ ही खरेंगा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की मांग की। इस पर मंत्री ने जल्द से जल्द चिकित्सक भेजने का आश्वासन दिया।

## बोदलबाहरा स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला बोदलबाहरा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर गणवेश वितरण किया। इस अवसर पर लक्ष्मी ध्रुव, अहिमन ध्रुव, राधा कंवर, सविता ध्रुव, चन्द्रहास कमार, बसंती कमार, यशोदा ध्रुव, गैंदलाल देवदास, प्रधानपाठक चन्द्रहास सिन्हा एवं शिक्षक अनिल कुमार उपस्थित थे।

## एयरपोर्ट पर सीएम विष्णुदेव साय का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



वाराणसी से लौटने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का रायपुर एयरपोर्ट पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री खूबलाल ध्रुव ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री ध्रुव ने कहा कि विष्णुदेव साय जनता की आवाज है। गरीबों के मसीहा हैं। उन्होंने गरीबों, आदिवासियों, गांव, पिछड़ा और दलित सभी वर्गों के लिए काम करने की प्रतिबद्धता दिखाई है। युवाओं में भी उनके प्रति काफी उत्साह और चाहत है। इस दौरान खूबलाल ध्रुव के साथ तनय लुनिया, करण गोयल भी मौजूद थे।

## जल विभाग सभापति ने ली मोटरपंप ऑपरेटरों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर की जल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जल विभाग द्वारा पंप ऑपरेटरों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जल आपूर्ति से जुड़ी तकनीकी समस्याओं, समय पर पंप संचालन, मरम्मत कार्य और मानसून के दौरान विशेष सावधानियों पर चर्चा की गई। जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने सभी ऑपरेटरों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने पाइपलाइन लीकेज, गंदा पानी समेत किसी भी समस्या की तत्काल जानकारी देने के निर्देश दिए।

## धमतरी में जन संस्कृति मंच की इकाई गठित

- कमलेश को अध्यक्ष व वातंजलि को सचिव पद की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




दुर्ग-भिलाई, रायपुर और बिलासपुर के बाद धमतरी में भी जन संस्कृति मंच की इकाई गठित कर दी गई है। अध्यक्ष कमलेश पांडे व सचिव वातंजलि गोस्वामी, उपाध्यक्ष जमाल रिजवी, सहसचिव लोकेश्वर कुमार बनाए गए। सांस्कृतिक दल का प्रभार एवं कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी आकाशगिरी गोस्वामी को सौंपी गई है।

कार्यकारिणी सदस्यों में जीतू गढ़वी, अब्दुल रज्जाक रिज़वी, डॉ. विजय पंजवानी, साहिर हुसैन, जानकी गुप्ता, माधुरी मारकंडे, प्रतिमा दीवान, खिलावन कुमार साहू, चेतनानंद और भरत साहू शामिल हैं। रविवार को स्थानीय जैनब पैलेस में जन संस्कृति मंच रायपुर छत्तीसगढ़ संरक्षक सदस्य राजकुमार सोनी, दुर्ग-भिलाई जसम के कोषाध्यक्ष सुलेमान खान की मौजूदगी में आयोजित बैठक में जन संस्कृति मंच के संविधान का वाचन किया।

जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविभूषण ने पदाधिकारियों से उम्मीद जताई कि नई टीम लोकतांत्रिक और प्रगतिशील मूल्यों को ध्वस्त करने के खेल में जुटी शक्तियों से वैचारिक और सांस्कृतिक धरातल पर डटकर मुकाबला करेगी। राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह ने कहा है कि आज देश एक कठिन दौर से गुजर रहा है तब हमें अधिक सक्रिय और सृजनशील रहने की आवश्यकता है। लिखने और बोलने के अधिकार पर सबसे अधिक हमले हो रहे हैं। ऐसे भयावह दौर में यदि लेखक और कलाकार संगठित होकर फ़ासीवाद की विभाजनकारी संस्कृति के खिलाफ संघर्ष को तेज करने का संकल्प लेते हैं तो यह निश्चित तौर पर स्वागत योग्य है। जन संस्कृति मंच छग के समन्वयक सियाराम शर्मा ने उम्मीद जताई कि धमतरी में नवगठित इकाई के सदस्य फ़ासीवाद की बर्बरता और आक्रामकता के खिलाफ एकजुट होकर सांस्कृतिक तौर-तरीकों से अपनी आवाजज बुलंद करते रहेंगे।

## भाजपा अपने 11 साल के आपातकाल शासन पर पर्दा डाल रही : वाधवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी ने कहा कि भाजपा द्वारा आपातकाल की पच्चासवीं वर्षगांठ को याद करना अपने ग्यारह साल के आपातकाल शासन पर पर्दा डालना है। भारत देश में भाजपा की सरकार बनते ही आपातकाल जैसी स्थिति निर्मित हो गई । ग्यारह साल की इस सरकार में देश की बेरोजगारी दर बढ़ गई । युवाओं का रोजगार छीना जा रहा । अडानी अंबानी जैसे उद्योगपतियों को रेल, बंदरगाह, एयरपोर्ट जैसे तमाम देश की संपतियों को बेचा जा रहा। महंगाई से आम आदमी त्रस्त हैं। विपक्षी नेताओं के ऊपर ईडी सीबीआई का दुरूपयोग कर रही है। ये सब पिछले ग्यारह वर्ष के आपातकाल की ही देन है।




आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लघु फिल्म का प्रदर्शन

## महापौर ने किया मीसाबंदियों और उनके परिजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मीसाबंदियों और उनके परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने आपातकाल के दौरान मीसा के तहत जेल गए स्वतंत्रता सेनानियों और लोकतंत्र रक्षकों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान श्री रोहरा ने कहा कि मीसाबंदियों ने आपातकाल के कठिन समय में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने मीसाबंदियों से आपातकाल के दौरान घटी घटनाओं के विषय में भी जाना। श्री रोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा मीसाबंदियों का सम्मान फिर से लौटाया है। आपातकाल के दौरान मीसाबंदियों ने जिन परेशानियों का सामना किया है, इससे आज हम स्वतंत्र हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव सहित जिले में मीसाबंदी और उनके परिजन उपस्थित थे।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस सम्मान समारोह में दौरान 1975 के देश में आपातकाल में घटित घटनाओं पर आधारित और अमृत महोत्सव से संबंधित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

श्री रामू रोहरा ने जिले के शिरोमणि राव घोरपड़े, श्रीमती मालती बाई, लखनलाल पथिक, श्रीमती विद्यावती मिश्रा, श्रीमती रेणुका मिश्रा, श्रीमती राधाबाई ध्रुव, श्रीमती झूलबाई सोनी, श्रीमती राधा चन्द्राकर आदि मीसाबंदी और उनके परिजनों का सम्मान किया। जिले के मीसाबंदी शिरोमणि राव घोरपड़े ने आपातकाल के दौरान लगभग ढाई साल जेल में उन्हें दी गई यातनाओं और परेशानियों को साझा किया।

## हल्की बारिश में सड़क कीचड़ से सराबोर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रीष्मकालीन मौसम की विदाई के बाद अब वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है। हर बार की तरह इस बार भी नगर निगम द्वारा बरसात के दिनों में होने वाली समस्या को सुलझाने अपने स्तर पर कार्य किया गया है।

निगम प्रशासन द्वारा की गई कार्यप्रणाली पर ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा है कि बरसात की कुछ बूंदों से ही रत्नाबांधा मुजगहन मार्ग कीचड़ से तरबतर हो चुका है। यहां धमतरी विकास के अनेक सपने दिखाए जा रहे हैं जबकि असल सत्य कुछ अलग ही है। हमारे द्वारा लगातार जनहित में निगम की लापरवाही को उजागर करने का कार्य किया जा रहा है।

पाइपलाइन लाइन विस्तार निविदा की शर्तों में स्पष्ट है कि पाइपलाइन डालने के बाद तत्काल मजबूती के साथ फिलिंग कार्य किया जाना है ताकि बाद में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो. लेकिन इस बार भी निगम प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। परिणाम यह है कि कीचड़ से सराबोर स्टेट हाईवे जैसे मुख्य मार्ग में लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं।

### योग करने से मन को शांति मिलती है

**धमतरी।** इंडोर स्टेडियम के खेलो इंडिया लघु केंद्र में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। कुश्ती कोच विकास सिंह ठाकुर और लीना यादव, योग प्रशिक्षक रुचि साहू ने खिलाड़ियों को योग का महत्व बताते हुए योग का प्रदर्शन किया। शहर के इंडोर स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया लघु केंद्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020